>

Title: Regarding shortage of fertilizers in Araria, Bihar.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया) : सभापति महोदय, आपने मुझे एक बड़े ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत आभार व धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, मैं अररिया लोक सभा क्षेत्र से आता हूं । वह नेपाल और बंगाल की सीमा से लगता है । वह फ्लडेड एरिया है, वहां काफी बाढ़ आती है । मेरे यहां के 15 जिलों में गेहूं और मक्के की फसल होती है, जो कि अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटियार है । अभी-अभी वर्तमान समय में किसानों को मक्का, गेहूं और सब्जी की खेती करनी है, लेकिन उनको डीएपी खाद नहीं मिल रही है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि वहां पर डीएपी खाद और पोटाश की काफी किल्लत है । वहां के किसानों में हाहाकार मचा हुआ है । मुझसे पूर्व कई माननीय सांसदों ने इन बातों को रखा है । इसे गंभीरता से लिए जाए, क्योंकि हमारा देश कृषि प्रधान देश है, वह किसानों का देश है ।...(व्यवधान) उस इलाके में कोई उद्योग नहीं है । वहां का किसान मात्र मक्के की खेती पर आधारित है, इसलिए वहां तत्काल रूप से खाद की व्यवस्था कराई जाए । वहां पोटाश और यूरिया की काफी किल्लत है । उसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ।